भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 710
2 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022

710. श्री सुधीर गुप्ता:
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022 संचालित किया है और यदि हां, तो इसके उद्देश्यों और मुख्य विशेषताओं सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने पहली बार 15,000 से कम और 15,000-25,000 के बीच के लिए दो जनसंख्या श्रेणियां बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) शहरों के चयन के लिए मानदंड और चयन प्रक्रिया के दौरान ध्यान में रखे गए संकेतकों/पैरामीटरों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का प्रस्ताव दस्तावेज़ों की डिजिटल ट्रैकिंग, बेहतर दक्षता के लिए स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की जियो टैगिंग और लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए क्यू आर कोड आधारित नागरिक फीडबैक द्वारा इसे एक बेहतर तकनीकी हस्तक्षेप बनाने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में उठाए गए कदम क्या हैं; और

(च) स्वच्छ सर्वेक्षण को सफल बनाने और स्वच्छ शहरों के लिए समाज के सभी वर्गों में जागरूकता पैदा करने के लिए क्या अन्य कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए गए हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क): सरकार ने 27 सितम्बर 2021 को स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की शुरूआत की। यह सर्वेक्षण वार्षिक सफाई सर्वेक्षण के अलावा शहरों को प्रेरित करने का एक साधन है, ताकि उन्नत स्वच्छता परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रणालियां और प्रक्रियाओं का निर्माण किया जा सकें। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की कुछ प्रमुख विशेषताओं में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्मारकों/पार्कों, वरिष्ठ नागरिकों और युवा वयस्कों की आवाज को अधिक महत्व; सभी शहरी स्थानीय

निकायों (यूएलबी) के वार्डों के सत्यापन को मौजूदा 40% से बढ़ाकर 100% करने के लिए नागरिक भागीदारी में वृद्धि; सफाईमित्रों की सुरक्षा, भलाई और गरिमा; पहली बार शुरू की गई जिला रैंकिंग, कचरा प्रबंधन में सर्कुलेरिटी; डेटा प्रबंधन और पारदर्शिता की दक्षता के लिए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी पर ध्यान देना शामिल है।

(ख): स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत रैंकिंग और पुरस्कार के लिए शुरू की गई दो नई श्रेणियां इस प्रकार हैं:

- 15,000 - 25,000 जनसंख्या श्रेणी
- 15,000 से कम जनसंख्या श्रेणी

(ग): शहरों के चयन मानदंड और रैंकिंग के लिए यूएलबी के चयन हेतु ध्यान में रखे गए संकेतकों/मापदंडों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 टूलकिट में दिए गए संकेतकों का विवरण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://sbmurban.org/storage/app/media/pdf/ss_2022_toolkit.pdf

(घ) और (ड.): स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत एसबीएम-यू एमआईएस पोर्टल 'स्वच्छतम' के संपूर्ण उपयोग का तरीका, "स्वच्छता ऐप" जैसे ऐप्स का उपयोग और विभिन्न डिजिटल पहलों के रूप में डिजिटल प्रलेखन, सुविधाओं की जियो-टैगिंग और त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड आधारित नागरिक प्रतिक्रिया जैसी पहलें शुरू की गई हैं।

(च): स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में क्लीनर सिटीज के लिए समाज के सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं,

(i) स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्मारकों/पार्कों की साफ-सफाई, रख-रखाव और उन्हें बनाए रखने के लिए नागरिकों को शामिल करना।

(ii) छोटे शहरों को समर्थन देने के लिए जिला प्रशासन को शामिल करने हेतु जिला रैंकिंग शुरू की गई।

(iii) स्वच्छता ऐप के माध्यम से शहर की स्वच्छता की स्थिति को मान्य करने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाना।

(iv) कोविड-19 प्रोटोकॉल के साथ आउटरीच बढ़ाने के लिए नागरिकों की डिजिटल/क्यूआर कोड आधारित फीडबैक की शुरूआत की गई है।

*****

<u>"स्वच्छ सर्वेक्षण, 2022" के संबंध में 02.12.2021 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 710 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I</u>

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 (एसएस-2022): मानदंड

कुल भारांश:

क्र.सं.	**विषय**	**अंक**
क.	सेवा स्तर की प्रगति: (40%)	3000
ख.	नागरिक आवाज (30%)	2250
ग.	प्रमाणन (30%)	2250
	कुल	**7500**

*****